>

Title : Need to implement potable water-schemes in Mehsana Parliamentary Constituency, Gujarat under Swajaldhara Scheme.

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में पेयजल का अभाव है। लोगों को दूर-दूर से पाली लाना पड़ता है और गैस और पैट्रोलियम के कुओं में खुदाई एवं गैस एवं तेल निकालने की प्रक्रिया से पानी में फ्लोराइड तत्व मिल गये हैं जिसके पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और विक्लांग हो रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में स्वजलधारा की 37 योजनायें पूरी हो चुकी हैं। अगर योजनायें पूरी हो गई हैं तो लोगों को पानी मिलना चाहिए परन्तु इन योजनाओं के क्रियान्वयन किये जाने के बाद भी पेयजल का संकट अभी बरकरार है। अगर यह 37 योजनाएं पूरी हो गई होती तो पेयजल की स्थिति मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में अच्छी हो गई होती।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाना में जो पेयजल की भीषण समस्या है उसके समाधान के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय स्वजलधारा की ओर गई योजनाएं चलाने का कष्ट करें।